# चीनी उत्पादन में 11% की कमी आने की आशंका

प्रेट्र • नई दिल्ली

देश के चीनी उत्पादन में वर्तमान शुगर मार्केटिंग सीजन के दौरान 10.8 फीसदी कमी आने की आशंका है। अगले महीने समाप्त होने वाले चीनी मार्केटिंग सीजन में चीनी का उत्पादन कम होकर 2.48 करोड़ टन रह सकता है। आज संसद में यह जानकारी दी गई।

खाद्य मंत्री के वी थॉमस ने लोकसभा में एक लिखित जबाव में कहा कि भारत ने 2011-12 के शुगर मार्केटिंग सीजन (अक्टूबर-सितंबर) के दौरान 2.58 करोड़ टन चीनी का उत्पादन किया था। उन्होंने बताया कि देश में चीनी का कुल उत्पादन अंतरिम तौर पर लगभग 2.48 करोड़ टन होने का अनुमान है जोकि चालू सीजन के दौरान लगभग 2.3 करोड़ टन की अनुमानित घरेलू मांग को पूरी करने के लिए पर्याप्त है।

चीनी मिलों से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, 2012-13 के चीनी सीजन में चीनी का उत्पादन पिछले साल की तुलना में महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु एवं आंध्र प्रदेश में कम रहा है। इससे पहले, अगस्त के प्रारंभ में कृषि मंत्री शरद पवार ने कहा था कि मार्केटिंग वर्ष 2013-14 के दौरान चीनी का उत्पादन इस वर्ष अर्जित 2.45 करोड़ टन के स्तर से आगे बढ़ जाएगा। उनका यह अनुमान अच्छी बारिश की वजह से उच्चतर यील्ड मिलने के अनुमान पर आधारित था। बहरहाल, थॉमस ने कहा कि भारत का चीनी भंडार घरेलू जरूरत की पूर्ति करने के लिए पर्याप्त है। गौरतलब है कि भारत चीनी का विश्व का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक और सबसे बड़ा चीनी उपभोग करने वाला देश है।




चीनी मिलों से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, 2012-13 के चीनी सीजन में चीनी का उत्पादन पिछले साल की तुलना में महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु एवं आंध्र प्रदेश में रहा है कम

Business Bhaskar

28/8/13